The Bank has appointed M/s. KFin Technologies Limited (formerly known as KFin Technologies Private Limited) as its Registrars and Share Transfer Agent (RTA) with a mandate to process transfer of shares / bonds, dividend / interest payments, recording of shareholders' requests, solution of investors' grievances amongst other activities connected

को सुनिश्चित करना है. निवेशक अपने अंतरण विलेख/ अनुरोध/ शिकायतें निम्नलिखित पते पर आरटीए को भेज सकते हैं:-

केफिन टेक्नोलोजी लिमिटेड
(पूर्व में केफिन टेक्नोलोजी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
(यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा)
सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 एवं 32,
फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरीलिंगमपल्ली मण्डल,
हैदराबाद - 500 032, तेलंगाना
ई मेल : einward.ris@karvy.com
वेबसाइट : https://www.kfintech.com
टोल फ्री नं. - 1- 800-309-4001

सदस्यों को यह नोट करने हेतु सूचित किया जाता है कि हमारे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंटों ने हमारे निवेशकों के लिए एक नया मोबाइल ऐप केपीआरआईएसएम और वेबसाइट https://kprism.kfintech.com/ का शुभारंभ किया है. अब आप मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकते हैं और केफिनटेक द्वारा संभाले जा रहे अपने पोर्टफोलियो को देख सकते हैं. लाभांश की स्थिति की जांच करें, वार्षिक रिपोर्ट के लिए अनुरोध, पते में परिवर्तन, बैंक मैंडेट में परिवर्तन/ अपडेट करें और मानक फॉर्म डाउनलोड करें. **एंड्रायड मोबाइल एप्लिकेशन** को प्ले स्टोर (https://play.google.com/store/apps/details?id=com.karvy.kprismv3) से डाउनलोड की जा सकता है.

निजी रूप से रखे गए बांडों के लिए बैंक ने डिबेंचर न्यासी की भी नियुक्ति की है, जिनके पते निम्नानुसार हैं :-

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि. एशियन बिल्डिंग, भू - तल, 17, आर कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट मुंबई - 400 001 टेलीफोन : (022) 40807000 ई मेल : itsl@idbitrustee.com	सेंटबैंक फ़ाइनेंशियल सर्विसेज लि. सेंट्रल बैंक - एमएमओ बिल्डिंग, तृतीय तल (ईस्ट विंग), 55 एमजी रोड, मुंबई - 400001 टेलीफोन : (022) 2261 6217 ई मेल : hv.kamdar@cfsl.in
मेसर्स केटेलिस्ट ट्रस्टीशिप लि.: जीडीए हाउस, प्लॉट नं. 85, भूसारी कलोनी (दाएं), पौड रोड, पुणे - 411 038 टेलीफोन : (022) 2528 0081 ई मेल : dt@ctltrustee.com	मेसर्स केनरा बैंक: मेसर्स केनरा बैंक: ईटी एवं टी सेक्शन, एफएम एवं एस विंग, हेड ऑफिस, सं. 112, जे. सी. रोड, बेंगलुरु - 560002 टेलीफोन : 080-22223165 ई मेल : hoett@canarabank.com

बैंक ने कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई में निवेशक सेवाएं विभाग भी स्थापित किया है, जिसके प्रभारी कंपनी सचिव हैं, जहां शेयरधारक अपने अनुरोध / शिकायतों को समाधान हेतु निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं. वे अपनी शिकायतें / अनुरोध प्रधान कार्यालय, बड़ौदा को निम्नलिखित पते पर भी भेज सकते हैं:

with the issue of shares / bonds. The investors may lodge their transfer deeds / requests / complaints with the RTA at following address:

KFin Technologies Limited
(Formerly known as KFin Technologies Private Limited)
(Unit: Bank of Baroda)
Selenium Tower B, Plot 31 & 32,
Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Mandal,
Hyderabad - 500 032, Telangana
Email id - einward.ris@kfintech.com
Website: https://www.kfintech.com
Toll free number - 1- 800-309-4001

Members are requested to note that, our Registrar and Share Transfer Agents have launched a new mobile app **KPRISM** and website https://kprism.kfintech.com/ for our investors. Now you can download the mobile app and see your portfolios serviced by KFINTECH. Check Dividend status , request for annual reports , change of address, change / update Bank mandate and download standard forms. The **android mobile application** can be downloaded from Play Store (https://play.google.com/store/apps/details?id=com.karvy.kprismv3)

For privately placed Bonds, the Bank has also appointed Debenture Trustee as follows:

IDBI Trusteeship Services Ltd. Asian Building, Ground Floor, 17, R Kamani Marg, Ballard Estate Mumbai – 400 001 Tel: (022) 40807000; Email: itsl@idbitrustee.com	Centbank Financial Services Ltd Central Bank - MMO Bldg, 3rd Floor (East Wing) 55 MG Road, Fort, Mumbai 400001 Tel: (022) 2261 6217; Email: hv.kamdar@cfsl.in
M/s. Catalyst Trusteeship Ltd: GDA House, Plot No. 85, Bhusari Colony (Right), Paud Road, Pune - 411 038 Tel: (020) 2528 0081; Email: dt@ctltrustee.com	M/s. Canara Bank: ET & T Section, FM&S Wing, Head Office, No. 112, JC Road, Bangalore – 560002 Tel: 080-22223165; Email: hoett@canarabank.com

The Bank has also established Investors' Services Department, headed by the Company Secretary at Corporate Office, Mumbai wherein Shareholders can mail their requests / complaints for resolution at the address given below. They can also send their complaints/requests at the address given below at Head Office, Vadodara:

कंपनी सचिव बैंक ऑफ़ बडौदा निवेशक सेवाएं विभाग सातवीं मंजिल, बडौदा कॉर्पोरेट सेंटर सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051 दूरभाष : (022) 6698 5733/5743 ई-मेल: investorservices@bankofbaroda.com (उपरोक्त ई-मेल आईडी विशेष रूप से सेबी (सूचीयन करार एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के नियम 6(2) (डी) के अनुपालन में निवेशकों की शिकायतों के लिए बनाई गई है. इसके अलावा यदि कोई शेयरधारक निदेशक मंडल से किसी प्रकार का प्रश्न पूछना चाहते हैं तो वे अपने प्रश्न निम्नलिखित मेल आईडी पर मेल कर सकते हैं - shareholedrdirectors@bankofbaroda.com	महाप्रबंधक, परिचालन एवं सेवाएं बैंक ऑफ़ बड़ौदा, प्रधान कार्यालय 7वां तल, बड़ौदा भवन, आर.सी. दत्त रोड अलकापुरी, वडोदरा 390 007 टेलीफोन : (0265) 2316792 ई-मेल: cs.ho@bankofbaroda.com	The Company Secretary Bank of Baroda Investors' Services Department 7th Floor, Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex Bandra (East), Mumbai – 400 051 Telephone : (022) 6698 5733/5743 E – mail : investorservices@bankofbaroda.com (The aforesaid e-mail ID is exclusively designated for investors' complaints pursuant to Regulation 6(2)(d) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. Further, Shareholders who wish to ask questions to the Board of Directors of the Bank can mail their questions at – shareholedrdirectors@bankofbaroda.com	The General Manager Operations and Services Bank of Baroda, Head Office 7th Floor, Baroda Bhavan, R C Dutt Road, Alkapuri, Vadodara 390 007 Telephone : (0265) 2316792 E–mail: cs.ho@bankofbaroda.com

शेयरधारिता का वितरण

DISTRIBUTION OF SHAREHOLDING

ए. 31 मार्च 2022 तक की शेयरधारिता का पैटर्न:

a. Shareholding Pattern as on 31st March 2022

क्र.सं. Sr. No.	विवरण	Description	कुल मामले Total Cases	कुल शेयर Total Shares	कुल मामले % Total Cases %
1	भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार)	PRESIDENT OF INDIA (GOVERNMENT OF INDIA)	1	3308184689	63.97
2	म्यूचुअल फंड	MUTUAL FUNDS	150	513117299	9.92
3	विदेशी पोर्टफोलियो-कॉर्प	FOREIGN PORTFOLIO - CORP	219	472773527	9.14
4	निवासी व्यक्ति	RESIDENT INDIVIDUALS	1261853	400879074	7.75
5	बीमा कंपनियां	INSURANCE COMPANIES	17	254057519	4.91
6	पात्र संस्थागत क्रेता	QUALIFIED INSTITUTIONAL BUYER	51	102912406	1.99
7	कॉर्पोरेट निकाय	BODIES CORPORATES	3325	50200088	0.97
8	समाशोधन सदस्य	CLEARING MEMBERS	292	23396333	0.45
9	अनिवासी भारतीय	NON RESIDENT INDIANS	8444	15108072	0.29
10	एचयूएफ़	H U F	12032	10516885	0.20
11	बैंक	BANKS	17	9798820	0.19
12	अनिवासी भारतीय-गैर प्रत्यावर्तनयोग्य	NON RESIDENT INDIAN NON REPATRIABLE	4156	4511296	0.09

13	वैकल्पिक निवेश निधि	ALTERNATIVE INVESTMENT FUND	12	2811979	0.05
14	कर्मचारी	EMPLOYEES	1786	1810936	0.04
15	ट्रस्ट	TRUSTS	46	1097475	0.02
16	विदेशी कॉर्पोरेट निकाय	OVERSEAS CORPORATE BODIES	3	110000	0.00
17	विदेशी संस्थागत निवेशक	FOREIGN INSTITUTIONAL INVESTORS	25	55000	0.00
18	एनबीएफ़सी	NBFC	6	11339	0.00
19	भारतीय वित्तीय संस्थान	INDIAN FINANCIAL INSTITUTIONS	1	4752	0.00
20	विदेशी नागरिक	FOREIGN NATIONALS	5	4146	0.00
21	यूनिट ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया	UNIT TRUST OF INDIA	2	544	0.00
	कुल Total		1292443	5171362179	100.00

बी. शेयरधारकों का वितरण – 31 मार्च 2022 तक श्रेणीवार

b. Distribution of Shareholders – Category Wise as on 31st March 2022

क्र.सं. Sr. no	श्रेणी Category	धारकों की संख्या No. of Holders	धारकों का %. % of Holders	शेयरों की संख्या No of Shares	राशि Amount	% राशि % Amount
1	1 - 5000	1282467	99.23%	309343717	61,86,87,434	5.98%
2	5001 - 10000	6758	0.52%	46913960	9,38,27,920	0.91%
3	10001 - 20000	1627	0.13%	22972032	4,59,44,064	0.44%
4	20001 - 30000	485	0.04%	12087433	2,41,74,866	0.23%
5	30001 - 40000	197	0.02%	6920876	1,38,41,752	0.13%
6	40001 - 50000	154	0.01%	7215442	1,44,30,884	0.14%
7	50001 - 100000	275	0.02%	20338763	4,06,77,526	0.39%
8	100001 and above	480	0.04%	4745569956	9,49,11,39,912	91.77%
	कुल Total	1292443	100.00%	5171362179	10,34,27,24,358	100.00%

सी . प्रतिभूतियों का डिमैटरलाइजेशन

बैंक के शेयर अनिवार्य रूप से सेबी की डीमेट लिस्ट के अंतर्गत आते हैं एवं बैंक ने नेशनल सिक्यूरिटी डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) एवं सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि.(सीडीएसएल) के साथ बैंक के शेयरों के डिमैटरलाइजेशन के लिए करार किया है. शेयरधारक अपने शेयर एन.एस.डी.एल अथवा सी.डी.एस.एल. के माध्यम से डिमैटरलाइजेशन कर सकते हैं.

31 मार्च 2022 को बैंक के पास भौतिक एवं अभौतिक रूप में इक्विटी शेयरों की संख्या निम्नानुसार है

c. Dematerialization of Securities:

The shares of the Bank are under compulsory demat list of SEBI and the Bank has entered in to Agreements with National Securities Depository Limited (NSDL) and Central Depository Services (India) Limited (CDSL) for dematerialization of Bank's shares. Shareholders can get their shares dematerialized with either NSDL or CDSL.

As on March 31, 2022 the Bank has following number of Equity Shares in physical and dematerialized form, as per the detail given below:

क्र.सं. Sr No	धारिता का प्रकार	Nature of holding	धारकों की संख्या No. of Holders	शेयरों की संख्या No. of Shares	प्रतिशत % Percentage %
1	भौतिक	PHYSICAL	124322	35246025	0.68
2	एनएसडीएल	NSDL	488016	1626321245	31.45
3	सीडीएसएल	CDSL	680105	3509794909	67.87
	कुल :	Total:	1292443	5171362179	100.00

बैंक ने वर्ष 2003 में 1,36,91,500 शेयर (उप–विभाजन से पूर्व 27,38,300 शेयर) जब्त किए जिनमें से 24000 इक्विटी शेयर (उप–विभाजन से पूर्व 4800 शेयर) 31 मार्च 2022 तक रद्द कर दिए गए.

31 मार्च 2022 तक एस्क्रो / उचंत खाते में उपलब्ध शेयरों की स्थिति:

ए. उचंत खाते में उपलब्ध शेयरों की स्थिति (भौतिक शेयर – बिना सुपुर्दगी के वापस किए गए)

The Bank had forfeited 1,36,91,500 equity shares (27,38,300 shares before sub-division) in the year 2003 and out of the same 24000 equity shares (4800 shares before sub-division) were annulled up to 31st March 2022.

STATUS OF SHARES LYING IN ESCROW/SUSPENSE ACCOUNT AS ON 31st MARCH, 2022

a. Status of shares lying in Suspense A/c (Physical Shares – returned undelivered)

01.04.2021 को प्रारम्भिक शेष Opening Balance as on 01.04.2021		वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान प्राप्त अनुरोधों की संख्या No. of requests received during the Financial Year 2021-22	वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान नामे किए गए शेयर Shares debited during the Financial Year 2021-22		31 मार्च 2022 को उपलब्ध अंतिम शेष Closing Balance as on 31st March 2022	
शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders	शेयरों की संख्या No. of Shares	शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders	शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders	शेयरों की संख्या No. of Shares	शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders	शेयरों की संख्या No. of Shares
69	86000	0	0	0	69	86000

बी. एस्क्रो / उचंत खाते में उपलब्ध शेयरों की स्थिति (डीमेट शेयर – बिना सुपुर्दगी के वापस किए गए)

b. Status of Shares lying in Escrow / Suspense A/c (Demat Shares – returned undelivered)

01.04.2021 को प्रारम्भिक शेष Opening Balance as on 01.04.2021		वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान प्राप्त अनुरोधों की संख्या No. of requests received during the Financial Year 2021-22	वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान नामे किए गए शेयर Shares debited during the Financial Year 2021-22		31 मार्च 2022 को उपलब्ध अंतिम शेष Closing Balance as on 31st March 2022	
शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders	शेयरों की संख्या No. of Shares	शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders	शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders	शेयरों की संख्या No. of Shares	शेयरधारकों की संख्या No. of Shareholders	शेयरों की संख्या No. of Shares
155	92690	1	1	300	154	92390

हम पुष्टि करते हैं कि जब तक उक्त शेयरों के वास्तविक दावेदार इनके लिए दावा नहीं करते तब तक उपर्युक्त अंतिम कॉलम (ए) तथा (बी) के शेयरों के लिए मताधिकार पर रोक जारी रहेगी.

इलेक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से लाभांश / ब्याज का भुगतान:

बैंक निवेशकों को, जहां निवेशकों द्वारा मैंडेट दिए गए हैं, शेयरों पर लाभांश / बॉडों पर ब्याज का भुगतान विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से कर रहा है, इस उद्देश्य के लिए बैंक नेशनल ऑटोमेटेड क्लीयरिंग हाऊस (एनएसीएच), नेशनल इलेक्टॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (एनईसीएस), आरटीजीएस, एनईएफटी तथा सीधे जमा आदि की सेवाओं का उपयोग कर रहा है.

निवेशक अपने मैंडेट बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट अर्थात् मै. केफिन टेक्नोलॉजिज प्रा. लि. के पास इस रिपोर्ट में दिए पते पर दर्ज करा सकते हैं.

We confirm that the voting rights on the shares stated at the last column of table (a) and (b) above shall remain frozen till the rightful owner of such shares claims the shares.

DIVIDEND / INTEREST PAYMENT THROUGH ELECTRONIC MODES

The Bank is paying Dividend on Shares / Interest on Bonds to the Investors through various electronic modes, wherever mandate is given by the investors. For the purpose, the Bank is using the services of National Automated Clearing House (NACH), National Electronic Clearing Services (NECS), RTGS, NEFT and Direct Credit etc.

Investors may lodge their mandate with Bank's Registrar & Share Transfer Agent i.e. M/s. KFin Technologies Limited, at the address given in this report.

सचिवालीय लेखा परीक्षा

बैंक द्वारा 31.03.2022 को समाप्त वर्ष के लिए मे. रागिनी चोकशी एंड कंपनी को वार्षिक सचिवालीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट एवं वार्षिक सचिवालीय अनुपालन रिपोर्ट से संबधित कार्य हेतु प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है. वार्षिक सचिवालीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट इसके साथ संलग्न है.

प्रकटीकरण :

1. यहां भौतिक रूप से किसी भी प्रकार का कोई महत्वपूर्ण पार्टी संबंधी संव्यवहार नहीं है जिसका व्यापक स्तर पर बैंक के हितों के साथ कोई टकराव हो. इस सम्बंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों का अनुपालन करते हुए लेखांकन संबंधी टिप्पणियों में पार्टी संबंधी प्रकटीकरण किया गया है.
2. बैंक पर पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से सम्बद्ध किसी भी मामले में किसी भी विनियामक प्राधिकारी अर्थात स्टॉक एक्सचेंज और / अथवा सेबी द्वारा किसी नियम, निर्देशों एवं दिशा–निर्देशों का अनुपालन न करने के लिए न तो कोई दंड लगाया गया और न ही किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध लगाया गया है.
3. हम सेबी द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट पर सूचीबद्ध नियमों की अनुसूची V के उपभाग (2) से (10) के अनुपालन की पुष्टि करते हैं.
4. सभी निदेशकों द्वारा ये घोषणा की गई है कि 31 मार्च 2022 तक उनका परस्पर किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है.
5. बकाया ग्लोबल डिपॉजिटरी रसीदें अथवा अमेरिकन डिपॉजिटरी रसीदें अथवा वारंट या कोई परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन तिथि एवं इक्विटी पर संभावित प्रभाव – शून्य.
6. बैंक ने वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कॉमोडिटी में कोई व्यापार नहीं किया है, अत: "कॉमोडिटी कीमत जोखिम और कॉमोडिटी बचाव गतिविधियां" शून्य हैं.
7. **स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम:**

   बैंक के स्वतंत्र निदेशक के लिए आयोजित किए गए परिचय कार्यक्रम का ब्यौरा बैंक की वेबसाइट पर "https://www.bankofbaroda.in "शेयरधारक कॉर्नर" खंड के अंतर्गत उपलब्ध है.
8. **व्हिसल ब्लोअर दिशानिर्देश**

   भारत सरकार के जनहित प्रकटीकरण एवं सूचना प्रदाता की सुरक्षा संकल्प (पीआईडीपीआई) के आधार पर लोगों के लिए बैंक के व्हिसल ब्लोअर दिशानिर्देश संबंधी विवरण बैंक की वेबसाइट पर https://www.bankofbaroda.in. शेयरधारक कॉर्नर खंड के अंतर्गत उपलब्ध हैं. इस संबंध में किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति द्वारा एक्सेस किए जाने से मना नहीं किया गया है.
9. **संबद्ध पार्टी लेनदेन एवं महत्वपूर्ण अनुषंगियों संबंधी नीति**

   संबद्ध पार्टी लेनदेन एवं महत्वपूर्ण अनुषंगियों संबंधी बैंक की नीति का विवरण "शेयरधारक कॉर्नर" खंड के अंतर्गत बैंक की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in. पर उपलब्ध है.

SECRETARIAL AUDIT

Bank has appointed M/s. Ragini Chokshi & Co, Practicing Company Secretaries for Annual Secretarial Audit Report and Annual Secretarial Compliance Report for the year ended 31.03.2022. Annual Secretarial Audit Report has been annexed herewith.

DISCLOSURES

1. There is no materially significant Related Party Transaction that has potential conflict with interests of the Bank at large. The Related Party Disclosure is made in the Notes on Accounts in compliance with RBI Guidelines in this regard.
2. There is no non-compliance by the Bank in respect of Regulations/ Guidelines issued by SEBI / Stock Exchanges / any Statutory Authority on any matter related to capital markets during the last 3 years and as such no penalties / strictures imposed on the Bank.
3. We confirm the compliance of the requirement of Corporate Governance Report of sub-paras (2) to (10) of Schedule V of SEBI Listing Regulations
4. All the Directors have disclosed that they have no relationship *inter-se* as on 31st March 2022.
5. Outstanding global depository receipts or american depository receipts or warrants or any convertible instruments, conversion date and likely impact on equity - NIL.
6. The Bank has not traded in commodities during the F.Y. 2021-22 and hence the information on “Commodity price risks and commodity hedging activities” is NIL.
7. **Familiarization programme for Independent Directors**

   The details of the Familiarization Programme conducted for the Independent Director of the Bank are available on the Bank’s website under “Shareholder’s Corner” section at https://www.bankofbaroda.in
8. **Whistle Blower Guidelines**

   The details of the Bank’s Whistle Blower Guidelines for the public based on Government of India Resolution on Public Interest Disclosure & Protection of Informer (PIDPI) are available on the Bank’s website under “Shareholder’s Corner” section at https://www.bankofbaroda.in. No personnel has been denied access to the audit committee.
9. **Policy on Related Party Transactions and Material Subsidiaries**

   The details of the Bank’s Policy on Related Party Transactions and Material Subsidiaries are available on the Bank’s website under “Shareholder’s Corner” section at https://www.bankofbaroda.in.

10. महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (निवारक, प्रतिषेध व निपटान) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटीकरण

वित्त वर्ष के दौरान दर्ज शिकायतों की संख्या	वित्त वर्ष के दौरान निस्तारित शिकायतों की संख्या	वित्तीय वर्ष के अंत तक लंबित शिकायतों की संख्या
25	21	4

11. संबंधित वित्त वर्ष अर्थात 2021-22 के दौरान संस्था द्वारा प्राप्त क्रेडिट रेटिंग, संशोधन सहित, यदि कोई हो, जिसमें उस संस्था के सभी नामे लिखत या सावधि जमा कार्यक्रम या निधियों के संग्रहण के लिए सूचीबद्ध संस्था की योजना या प्रस्ताव, चाहे भारत में हो या विदेश में, उनकी सूची:

बैंक द्वारा जारी सभी ऋण लिखतों एवं सावधि जमा कार्यक्रम के लिए वित्त वर्ष अर्थात् 2021-22 के दौरान रेटिंग में संशोधन के विवरण तथा रेटिंग एजेंसियों द्वारा बैंक को दी गई क्रेडिट रेटिंग का विवरण निम्नानुसार है;

10. Disclosures in relation to the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013

Number of Complaints filed during the financial year	Number of Complaints disposed off during the year	Number of Complaints pending as on end of the financial year
25	21	4

11. List of all credit ratings obtained by the entity along with any revisions thereto during the relevant financial year i.e. 2021-22, for all debt instruments of such entity or any fixed deposit programme or any scheme or proposal of the listed entity involving mobilization of funds, whether in India or abroad

Details of Credit Ratings assigned by the Rating Agencies of the Bank along with details of revisions in rating during financial year i.e. 2021-22, for all debt instruments and fixed deposit programme issued by Bank are as under;

रेटिंग एजेंसी Rating Agency	लिखत Instrument	वर्तमान रेटिंग Present Rating	रेटिंग कार्रवाई Rating Action
क्रिसिल CRISIL	अपर टियर- II बॉन्ड (बेसल II के तहत) Upper Tier-II Bonds (under Basel II)	CRISIL AAA/Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	टियर I बॉन्ड (बेसल III के तहत) Tier I Bonds (Under Basel III)	CRISIL AA+/ Stable	आउटलुक 'निगेटिव' से संशोधित और रेटिंग पुन: अभिपुष्ट Outlook revised from 'Negative' and rating reaffirmed
	टियर I बॉन्ड (बेसल III के तहत) Tier I Bonds (Under Basel III)	CRISIL AA+/ Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	लोअर टियर- II बॉन्ड (बेसल II के तहत) Lower Tier-II Bonds (under Basel II)	CRISIL AAA/Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	टियर II बॉन्ड (बेसल III के तहत) Tier II Bonds (Under Basel III)	CRISIL AAA/Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
आईसीआरए ICRA	बेसल III कंप्लायंट टियर II बॉन्ड Basel III Compliant Tier II Bonds	ICRA AAA (Stable)	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	बेसल III कंप्लायंट एटी-I बॉन्ड Basel III Compliant AT-I Bonds	ICRA AA+ (Stable)	आईसीआरए एए से संशोधित; स्थिर Revised from ICRA AA; Stable
	बेसल III कंप्लायंट एटी-I बॉन्ड Basel III Compliant AT-I Bonds	ICRA AA+ (Stable)	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	सावधि जमा कार्यक्रम Fixed Deposit Programme	MAAA (Stable)	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
केयर CARE	टियर II बॉन्ड-बेसल III Tier II Bond-Basel III	CARE AAA; Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	लोअर टियर- II बॉन्ड (बेसल II के तहत) Lower Tier II Bonds (Basel II)	CARE AAA; Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	अपर टियर खख बॉन्ड (बेसल खख) Upper Tier II Bonds (Basel II)	CARE AAA; Stable	केयर एए+ से संशोधित; स्थिर Revised from CARE AA+; Stable
	अतिरिक्त टियर I बॉन्ड (बेसल III) Additional Tier I Bonds (Basel III)	CARE AA+; Stable	केयर एए से संशोधित Revised from CARE AA
	अतिरिक्त टियर I बॉन्ड (बेसल II) Additional Tier I Bonds (Basel III)	CARE AA+; Stable	केयर एए से संशोधित Revised from CARE AA

इंडिया रेटिंग INDIA RATINGS	दीर्घावधि इश्युअर रेटिंग Long Term Issuer Rating	IND AAA/Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	अल्पावअधि इश्युअर रेटिंग Short Term Issuer Rating	IND A1+/Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	सावधि जमा Fixed Deposit	IND AAA/Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	बेसल III टियर 2 Basel III Tier 2	IND AAA/Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	बेसल III एटी 1 बॉन्ड Basel III AT1 Bonds	IND AA+/Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	जमा प्रमाणपत्र Certificate of deposits	IND A1+/Stable	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
ब्रिकवर्क BRICKWORK	अपर टियर II बॉन्ड (बेसल II के तहत) Upper Tier II Bond (under Basel II)	BWR AAA (Stable)	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
	टियर II बॉन्ड (बेसल III के तहत) Tier II Bonds (Under Basel III)	BWR AAA (Stable)	पुन: अभिपुष्ट Reaffirmed
मूडी MOODY'S	रेटिंग आउटलुक Rating Outlook	Stable	नेगेटिव से संशोधित Revised from Negative
	प्रतिपक्षी जोखिम रेटिंग (घरेलू एवं विदेशी) Counterparty Risk Rating (Dom & Foreign)	Ba1/NP	अभिपुष्ट Affirmed
	बैंक जमा (घरेलू एवं विदेशी) Bank Deposit (Dom & Foreign)	Ba1/NP	अभिपुष्ट Affirmed
	प्रतिपक्षी जोखिम मूल्यांकन (घरेलू एवं विदेशी) Counterparty Risk Assessment (Dom & Foreign)	Ba1(cr)/NPCr	अभिपुष्ट Affirmed
	बेसलाइन क्रेडिट मूल्यांकन/समायोजित बीसीए Baseline Credit Assessment/ Adjusted BCA	b1	अभिपुष्ट Affirmed
फिच FITCH	विदेशी मुद्रा Foreign Currency		
	दीर्घावधि आईडीआर (इश्युअर डिफ़ॉल्ट रेटिंग) Long-Term IDR (Issuer Default Rating)	BBB-/Negative	अभिपुष्ट Affirmed
	अल्पावधि आईडीआर Short-Term IDR	F3	अभिपुष्ट Affirmed
	व्यवहार्यता रेटिंग Viability Rating	bb-	अभिपुष्ट Affirmed
	सरकार समर्थित रेटिंग Government Support Rating	bbb-	न्यू रेटिंग New Rating

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान रेटिंग में संशोधन का विवरण

- वर्ष के दौरान रेटिंग में कोई डीग्रेडेशन नहीं हुआ है.
- वर्ष के दौरान रेटिंग में अपग्रेडेशन का विवरण निम्नानुसार है.

Details of revision in ratings during FY 2021-22

- There was no degradation in the rating during the year.
- Details of up-gradation in the rating during the year are as under.

रेटिंग एजेंसी Rating Agency	लिखत Instrument	वर्तमान रेटिंग Present Rating	रेटिंग कार्रवाई Rating Action
क्रिसिल (जुलाई 2021) CRISIL (July 2021)	टियर I बॉन्ड (बेसल III के तहत) Tier I Bonds (Under Basel III)	CRISIL AA+/ Stable	आउटलुक को 'नेगेटिव' से संशोधित एवं रेटिंग की पुन: अभिपुष्टी की गई Outlook revised from 'Negative' and rating reaffirmed
आईसीआरए (जून 2021) ICRA (June 2021)	बेसल III कंप्लायंट एटी-I बॉन्ड Basel III Compliant AT-I Bonds	ICRA AA+ (Stable)	आईसीआरए एए से संशोधित; स्थिर Revised from ICRA AA; Stable
केयर (सितंबर 2021) CARE (September 2021)	अपर टियर II बॉन्ड (बेसल II) Upper Tier II Bonds (Basel II)	CARE AAA; Stable	केयर एए+ से संशोधित; स्थिर Revised from CARE AA+; Stable
	अतिरिक्त टियर I बॉन्ड (बेसल III) Additional Tier I Bonds (Basel III)	CARE AA+; Stable	केयर एए से संशोधित Revised from CARE AA

मूडीज ने अक्टूबर 2021 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के संबंध में अपने रेटिंग दृष्टिकोण को नेगेटिव से बदलकर स्थिर में संशोधित किया.

12. **इसका पुष्टीकरण कि निदेशक मंडल की राय में स्वतंत्र निदेशक इन विनियमों में दी गई शर्तों का पूरा पालन करते हैं और प्रबंधन तंत्र पर निर्भर नहीं हैं** - हां
13. **जहां वित्त वर्ष 2021-22 में निदेशक मंडल ने, अनिवार्य रूप से अपेक्षित निदेशक मंडल की किसी समिति की सिफारिश को स्वीकार नहीं किया** - शून्य
14. **विनियम 32 (7ए) के अंतर्गत यथा निर्दिष्ट अधिमान्य आबंटन या अर्हक संस्थागत प्लेसमेंट के माध्यम से सृजित निधियों के उपयोग के ब्यौरे** - शून्य क्योंकि वर्ष के दौरान, बैंक द्वारा अधिमान्य आबंटन या अर्हक संस्थागत प्लेसमेंट के माध्यम से निधियां सृजित नहीं की गई.
15. **सूचीबद्ध संस्था व उसकी अनुषंगियों द्वारा समेकित आधार पर सांविधिक लेखा परीक्षकों और उन सभी नेटवर्क फर्म/ नेटवर्क संस्थाओं, जिसमें लेखा परीक्षक एक भागीदार है, को सभी सेवाओं के लिए प्रदत्त कुल फीस है** - ₹ 82.01 करोड़
16. **कंपनी सचिव से इस आशय का प्रमाण पत्र कि कंपनी के निदेशक मण्डल के किसी भी निदेशक को निदेशक मंडल/ कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय या ऐसी किसी वैधानिक स्वायत्तता द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त करने अथवा बने रहने से वंचित अथवा अयोग्य नहीं ठहराया गया है.** - प्राप्त किया गया.

Moody's revised its rating outlook on Bank of Baroda to stable from Negative in October 2021.

12. **Confirmation that in the opinion of the board, the independent directors fulfill the conditions specified in these regulations and are independent of the management.** - Yes
13. **Where the board had not accepted any recommendation of any committee of the board which is mandatorily required, in the FY2021-22** – NIL
14. **Details of utilization of funds raised through preferential allotment or qualified institutions placement as specified under Regulation 32 (7A)** – NIL as during the year, Bank has not raised funds through preferential allotment or qualified institutions placement
15. **Total fees for all services paid by the listed entity and its subsidiaries, on a consolidated basis, to the statutory auditor and all entities in the network firm/ network entity of which the statutory auditor is a part. -** Rs. 82.01 crores
16. **certificate from a company secretary in practice that none of the directors on the board of the company have been debarred or disqualified from being appointed or continuing as directors of companies by the Board/Ministry of Corporate Affairs or any such statutory authority.**- obtained

गैर-अनिवार्य अपेक्षाएं

बैंक द्वारा सेबी (सूचीयन करार तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के तहत उपलब्ध कराई गई सभी लागू अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन किया गया है.

गैर अनिवार्य आवश्यकताओं के कार्यान्वयन का विवरण निम्नानुसार है –

NON-MANDATORY REQUIREMENTS

The Bank has complied with all the applicable mandatory requirements as provided in SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

The extent of implementation of non-mandatory requirements is as under:

क्र.सं. Sr. No.	गैर- अनिवार्य आवश्यकताएं Non-mandatory requirements	कार्यान्वयन की स्थिति Status of Implementation
1	निदेशक मंडल सूचीबद्ध कम्पनी के खर्च पर अध्यक्ष का कार्यभार सम्भालने के लिए गैर कार्यपालक अध्यक्ष अधिकृत किए जा सकते हैं और उनकी ड्यूटी संबंधी खर्च की प्रतिपूर्ति की अनुमति दी जा सकती है. अनुपालन किया गया. The Board A non-executive chairperson may be entitled to maintain a chairperson's office at the listed entity's expense and also allowed reimbursement of expenses incurred in performance of his/her duties.	अनुपालन किया गया. भारत सरकार ने डॉ. हसमुख अढ़िया की नियुक्ति बोर्ड के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में की है. भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन किया गया. Complied with. The Government of India has appointed Dr. Hasmukh Adhia as Non-Executive Chairman of the Board. The guidelines issued by GOI are complied with.
2	शेयरधारक के अधिकार पिछली छमाही में महत्वपूर्ण घटनाओं के सारांश सहित वित्तीय कार्यनिष्पादन की अर्ध-वार्षिक घोषणा प्रत्येक शेयरधारक को भेजी जा सकती है. Shareholder Rights A half-yearly declaration of financial performance including summary of the significant events in last six-months, may be sent to each household of shareholders.	बैंक अपने तिमाही/ अर्धवार्षिक/ वार्षिक वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट एवं बैंक की वेबसाइट पर भी प्रकाशित करता है. बैंक वित्तीय परिणामों को समाचार पत्रों में भी प्रकाशित करता है. Bank publishes quarterly / half yearly / yearly financial results of the Bank on website of Stock Exchanges and on website of Bank also. Bank also publish financial results in newspapers.
3	लेखा परीक्षा रिपोर्ट में आशोधित अभिमत कंपनी को अयोग्य वित्तीय विवरणों की व्यवस्था को अपनाना चाहिए. Modified opinion(s) in audit report Company may move towards a regime of unqualified financial statements.	बैंक की लेखा परीक्षा रिपोर्ट में कोई अर्हता नहीं है. There is no qualification in Auditors report of the Bank.
4	अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के अलग-अलग पद सूचीबद्ध संस्था अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर अलग-अलग व्यक्तियों को नियुक्त कर सकती है. Separate posts of chairperson and chief executive officer The listed entity may appoint separate persons to the post of chairperson and managing director or chief executive officer.	बैंक ऑफ़ बड़ौदा में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर अलग-अलग व्यक्ति हैं. Bank of Baroda is having separate persons to the post of Chairperson and Managing Director or Chief Executive Officer.

5	आंतरिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्टिंग आंतरिक लेखा परीक्षक सीधे लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट कर सकते है. Reporting of Internal Auditor The Internal Auditor may report directly to the Audit Committee.	बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की संरचना एवं इसकी संदर्भ शर्तें सदैव विनियामकों अर्थात् रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये गए निर्देशों एवं परिपत्रों के माध्यम से संचालित की जाती है, जिनका बैंक अनुपालन करता है. The composition & terms of reference of the Audit Committee of the Board *inter-alia* covering Internal Audit function is governed through the guidelines / circulars issued by the Regulator i.e. Reserve Bank of India, which the Bank complies with

कॉर्पोरेट गवर्नेंस की आवश्यकताओं के अनुपालन का प्रकटीकरण:

Disclosure of the compliance with Corporate Governance requirements

नियम क्र. Regu No.	संक्षिप्त विवरण Title / Brief description	अनुपालन स्थिति Compliance Status
17	निदेशक मंडल Board of Directors	बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निदेशक मंडल का गठन और इसकी संदर्भ शर्तें "बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970" अर्थात् अधिनियम के अधीन है. कम्पनी एक्ट 1956/2013 में किया गया संशोधन इस सम्बंध में लागू नहीं होता है. अधिनियम की धारा 9 (3)(i) के अनुसरण में केन्द्र सरकार से भिन्न शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित तीन निदेशकों के अतिरिक्त सभी निदेशकों की नियुक्ति / नामांकन, केंद्र सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 9(3) के अधीन किया जाता है. बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित है. बोर्ड का अधिकांश समय व्यवसाय की रणनीति और निष्पादन, अनुपालन, गवर्नेंस एवं बैंक के प्रोफाइल पर चर्चा करने में व्यतीत होता है. यह सुनिश्चित किया जाता है की बोर्ड की कार्यप्रणाली पारदर्शी एवं स्वतंत्र रहे. **बोर्ड का मूल्यांकन** बैंक पीएसबी गवर्नेंस सुधार – गैर-आधिकारिक निदेशकों की बेहतर प्रभावशीलता के माध्यम से गवर्नेंस में वृद्धि संबंधी भारत सरकार के दिनांक 30.08.2019 के दिशानिर्देश का अनुसरण कर रहा है. The Composition & terms of reference of Board of Directors of Bank of Baroda is governed through “Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970” i.e. the Act, meaning thereby the provisions of the Companies Act, 1956/2013 in this regard are Not Applicable. All the Directors, except 3 directors elected amongst the Shareholders’ other than Central Government pursuant to Section 9(3)(i) of the Act, are appointed / Nominated by Government of India pursuant to the provisions under Section 9(3) of the Act. The Bank is regulated by Reserve Bank of India. Major time of the Board discussions is spent on business strategy and execution, compliance, governance and profile of the Bank. Transparency and independence in functioning of the Board is ensured. **Board Evaluation:** Bank is following GOI guidelines dated 30.08.2019 for PSB Governance Reforms – Enhancing governance through improved effectiveness of non-official directors.
17A	निदेशकों की अधिकतम संख्या Maximum number of directorships	अनुपालन किया गया है. Complied with
18	लेखा परीक्षा समिति Audit Committee	अनुपालन किया गया है. Complied with

19	नामांकन एवं पारितोषिक समिति Nomination and Remuneration committee	अनुपालन किया गया है. Complied with
20	हितधारक संबंध समिति Stakeholders Relationship Committee	अनुपालन किया गया है. Complied with
21	जोखिम प्रबंधन समिति Risk Management Committee	अनुपालन किया गया है. Complied with
22	सतर्कता प्रणाली Vigil Mechanism	अनुपालन किया गया है. Complied with
23	संबंधित पार्टी लेनदेन Related party transactions	अनुपालन किया गया है. Complied with
24	सूचीबद्ध इकाइयों की अनुषंगियों के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस की आवश्यकता Corporate governance requirements with respect to subsidiary of listed entity	अनुपालन किया गया है. Complied with
24A	सचिवालीय लेखा परीक्षा और सचिवालीय अनुपालन रिपोर्ट Secretarial Audit and Secretarial Compliance Report	अनुपालन किया गया है. Complied with
25	स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में दायित्व Obligations with respect to independent directors	विनियम 17 के अनुसार – यथा उपर्युक्त As per Regulation 17, as above.
26	वरिष्ठ प्रबंधन, प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों, निदेशकों एवं प्रवर्तकों सहित कर्मचारियों के संबंध में दायित्व Obligations with respect to employees including senior management, key managerial persons, directors and promoters	अनुपालन किया गया है. Complied with
27	अन्य कॉर्पोरेट गवर्नेंस आवश्यकताएं Other corporate governance requirements	अनुपालन किया गया है. Complied with
46	वेबसाइट Website	अनुपालन किया गया है. Complied with

शेयरधारकों द्वारा पैन, केवाईसी, बैंक विवरण एवं नामांकन प्रस्तुत करना

रजिस्ट्रार तथा ट्रांसफर एजेंटों (आरटीए) द्वारा निवेशकों के सेवा अनुरोध को प्रोसेस करने के लिए सामान्य एवं सरलीकृत मानदंडों एवं पैन, केवाईसी विवरण तथा नामांकन प्रस्तुत करने, वैध पैन के बिना फोलियो को फ्रीज करने, केवाईसी विवरण; भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों द्वारा पैन एवं आधार को अनिवार्य रूप से लिंक किए जाने और विवरण प्रस्तुत करने संबंधी मानदंडों हेतु सेबी ने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसड़ीआरटीएएमबी/पी/सीआईआर/2021/655 दिनांक 3 नवंबर, 2021 एवं परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी-एमआईआरएसडीआरटीएएमबी/पी/सीआईआर /2021/687 दिनांक 14 दिसंबर, 2021 जारी किए हैं.

बैंक ने अपने भौतिक शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी भेजा है जिसमें उनसे अपने फोलियो को फ्रीज होने से बचाने के लिए पैन, केवाईसी एवं नामांकन विवरण प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया है. केवाईसी एवं नामांकन के लिए पत्र तथा निर्धारित प्रारूप की नमूना प्रति बैंक की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/procedure-formats-for-physical-shareholders-of-bank पर ''शेयरधारक कॉर्नर'' खंड के अंतर्गत उपलब्ध है.

- **पैन, केवाईसी विवरण एवं नामांकन के बिना फोलियो को फ्रीज करना**

जिन फोलियो में दिनांक 1 अप्रैल, 2023 को या उसके पश्चात् उपर्युक्त सभी दस्तावेज/ विवरण उपलब्ध नहीं होंगे उन्हें उक्त परिपत्रों के अनुसार केफिन/ बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा फ्रीज कर दिया जाएगा. फ्रिज किए हुए फोलियो, यदि वे दिनांक 31 दिसंबर, 2025 तक फ्रिज ही रहते हैं, को केफिन/ बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 एवं या धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत प्रशासनिक प्राधिकारी को भेजा जाएगा.

- **सभी शेयरधारकों द्वारा फिजिकल मोड में पैन एवं आधार को अनिवार्य रूप से लिंक करना**

दिनांक 31 मार्च, 2022 या केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा निर्दिष्ट किसी अन्य तारीख से केफिन केवल वैध पैन ही स्वीकार करेगा एवं यह भी सत्यापित करेगा कि मौजूदा फोलियो में पैन वैध है; अर्थात् यह शेयरधारक के आधार नंबर से लिंक है. **जिन फोलियो में दिनांक 31 मार्च, 2022 की अधिसूचित कट-ऑफ तारीख या सीबीडीटी द्वारा निर्दिष्ट किसी अन्य तारीख को पैन वैध नहीं है, उन्हें भी फ्रीज कर दिया जाएगा.**

शेयरधारक कृपया नोट करें कि विषयगत परिपत्रों के अनुसार 1 जनवरी, 2022 से बैंक का आरटीए शेयरधारक(कों)/ दावेदारों के किसी भी सेवा अनुरोध या शिकायत पर कार्रवाई नहीं करेगा, जब तक कि पैन, केवाईसी एवं नामांकन दस्तावेज/ विवरण उपलब्ध नहीं करा दिए जाते हैं.

इस संप्रेषण के संबंध में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयरों / लाभांश के किसी भी मामले या अन्य मुद्दों पर स्पष्टीकरण / सहायता के लिए आप निम्नलिखित पते पर हमसे / आरटीए से संपर्क कर सकते हैं (कृपया अपने संप्रेषण में अपने फोलियो नंबर / टेलीफोन नंबर / मोबाइल नं / ईमेल पते का उल्लेख करें)

FURNISHING PAN, KYC, BANK DETAILS AND NOMINATION BY SHAREHOLDERS

SEBI has issued Circular No. SEBI/HO/MIRSD/ MIRSD_RTAMB/P/CIR/2021/655 dated 3rd November 2021 and Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2021/687 dated 14th December 2021 for Common and Simplified Norms for processing investor's service request by Registrar & Transfer Agents (RTAs) and norms for furnishing PAN, KYC details and Nomination, freezing of folios without valid PAN, KYC details; compulsory linking of PAN and Aadhar by Shareholders holding shares in physical form, among others.

Bank has also sent an individual letter to physical shareholders of the Bank requesting them to furnish PAN, KYC details and Nomination to avoid freezing of their folios. Specimen copy of letter and prescribed formats for KYC and Nomination is available on Website of the Bank under "Shareholder's Corner" section at https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/procedure-formats-for-physical-shareholders-of-bank .

- **Freezing of Folios without PAN, KYC details and Nomination**

Folios wherein any one of the above mentioned documents / details are not available on or after 1st April, 2023, shall be frozen by KFin / Bank of Baroda in terms of the said Circulars. The frozen folios will be referred by KFin / Bank of Baroda to the administering authority under the Benami Transactions (Prohibitions) Act, 1988 and or Prevention of Money Laundering Act, 2002, if they continue to remain frozen as on 31st December, 2025.

- **Compulsory linking of PAN and Aadhaar by all shareholders in physical mode**

From 31st March, 2022 or any other date as may be specified by the Central Board of Direct Taxes ("CBDT"), KFin will accept only valid PANs and also verify that the PAN in the existing Folios are valid; i.e. it is linked to the Aadhaar number of the Shareholder. **The Folios wherein PAN is not valid as on the notified cut-off date of 31st March, 2022 or any other date as may be specified by the CBDT, will also be frozen.**

Shareholder please note that in terms of the subject mentioned Circulars, w.e.f. 1st January, 2022, RTA of the Bank will not process any service request or complaint from Shareholder(s) / claimant(s) unless PAN, KYC and Nomination documents/details are available.

For clarifications / assistance on any of the matters of this communication or any other issues related to shares / dividends of Bank of Baroda, you may please reach us / RTA on the following address (Please quote your Folio No. / Telephone No. / Mobile No. / Email address in your correspondence).

केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड, (यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा), सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गचीबोवली, फाइनेंशियल डिस्ट्रक्ट, नानाक्रमगुडा, हैदराबाद - 500 032. [टोल फ्री नंबर 1800-309-4001, ई-मेल: einward.ris@kfintech.com]

या

बैंक ऑफ़ बड़ौदा, निवेशक सेवाएं विभाग, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई - 400 051. [टेलीफोन (022) 66985010 / 5143, ई-मेल: investorservices@bankofbaroda.com]

भौतिक शेयरों का डीमैटरलाइजेशन- एक विशेष अनुरोध:

1. सेबी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति संख्या 12/2019 दिनांक 27.03.2019 के जरिए यह निर्णय लिया है कि प्रतिभूतियों के ट्रांसमिशन या ट्रांसपोजिशन के मामले को छोड़कर 01.04.2019 से प्रतिभूतियों के अंतरण संबंधी अनुरोध तब तक स्वीकृत नहीं किए जाएंगे जब तक कि वे किसी डिपॉजिटरी के पास डीमैट रूप में न हों. अतः हम शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे तुरंत अपने भौतिक शेयरों को डीमैट करवा लें.
2. सेबी (सूचीयन बाध्यता तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 40(1) के अनुसार 1 अप्रैल, 2019 से भौतिक रूप में रखी गई प्रतिभूतियों के अंतरण को बंद कर दिया गया है. तदनुसार शेयरों का अंतरण तभी किया जा सकता है, जब शेयर डीमैट रूप में रखे गए हों.
3. इसके अलावा, सेबी ने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी-आरटीएमबी/पी/सीआईआर/2022/8 दिनांक 25 जनवरी, 2022 के माध्यम से निर्णय लिया कि सूचीबद्ध कंपनियां डुप्लीकेट शेयर प्रमाण पत्र, ट्रांसमिशन, ट्रांसपोजिशन आदि जारी करने के अनुरोधों को प्रोसेस करते समय केवल डीमैट रूप में ही प्रतिभूतियां जारी करेंगी. शेयरधारक/ दावेदार उपरोक्त अनुरोध विधिवत भरे हुए फॉर्म आईएसआर-4 में उल्लिखित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं. फॉर्म आईएसआर-4 को बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/procedure-formats-for-physical-shareholders-of-bank and that of KFin at https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx और केफिन की वेबसाइट https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx से डाउनलोड किया जा सकता है.

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, हम बैंक के सभी शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं, जिन्होंने शेयरों को भौतिक रूप में रखा है, कृपया अपने शेयरों को भौतिक से डीमैटरलाइज करा लें.

शेयरों को डीमैट रूप में रखने के लाभ निम्नानुसार हैं:

i. भौतिक शेयर प्रमाण पत्र के गुम होने या हानि की संभावना समाप्त हो जाती है;

ii. शेयर प्रमाणपत्र (त्रों) के फटने या धोखाधड़ी या कटने-फटने की संभावना समाप्त हो जाती है;

KFin Technologies Ltd., (Unit: Bank of Baroda), Selenium Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Hyderabad – 500 032. [Toll Free No. 1800-309-4001, E-mail: einward.ris@kfintech.com]

OR

Bank of Baroda, Investor Services Department, Baroda Corporate Centre, C-26, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai – 400 051. [Tel. (022) 66985010 / 5143, E-mail: investorservices@bankofbaroda.com

DEMATERIALIZATION OF PHYSICAL HOLDINGS – A SPECIAL REQUEST:

1. SEBI vide its Press Release No. 12/2019 dated 27.03.2019 has decided that except in case of transmission or transposition of securities, requests for effecting transfer of securities shall not be processed unless the securities are held in dematerialized form with a depository w.e.f. 01.04.2019. Hence, we request the shareholders to kindly Demat their physical holding immediately.
2. In terms of Regulation 40(1) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, transfer of securities held in physical mode has been discontinued w.e.f. April 01, 2019. Accordingly transfer of shares can be done only if the shares are held in demat form.
3. Further, SEBI vide Circular No. SEBI/HO/MIRSD_RTAMB/P/ CIR/2022/8 dated 25th January 2022, decided that listed companies while processing requests for issue of duplicate share certificate, transmission, transposition, etc shall henceforth issue the securities in demat form only. Shareholders / claimants may submit above requests in duly filled Form ISR-4 along with documents mentioned therein. Form ISR-4 can be downloaded from the website of Bank of Baroda at https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/procedure-formats-for-physical-shareholders-of-bank and that of KFin at https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx

In view of above, we request all shareholders of the Bank, who hold the shares in physical form to kindly dematerialize their shares.

Advantages of holding the shares in Demat form are as follows:

i. Possibility of damage or loss of Physical share certificate is eliminated;

ii. Possibility of tearing or forgery or mutilation of share certificate(s) are eliminated;

iii. डीमैट होने से शेयरों की कागज रहित ट्रेडिंग की आसान सुविधा मिलती है. एक बार डिपॉजिटरी भागीदार (डीपी) के पास डीमैट खाता खोलने के बाद शेयरधारक आसानी से इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर खरीद या बेच सकते हैं.

भौतिक रूप में शेयरों के डीमैटरलाइजेशन की प्रक्रिया:

ए. उन शेयरधारकों के लिए जिनके पास डीमैट खाता नहीं है:

शेयरधारक(कों) को बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा या किसी अन्य डिपॉजिटरी भागीदार (डीपी) से संपर्क करना होगा एवं उसी नाम (मों) तथा स्टाइल में डीमैट खाता खोलना होगा, जिस नाम पर शेयरधारक बैंक ऑफ़ बड़ौदा में शेयर धारित करता है.

डीमैट खाता खोलने के पश्चात् शेयरधारक(कों) को डीपी को विधिवत रूप से भरे हुए एवं हस्ताक्षरित डीमैट अनुरोध फॉर्म (डीआरएफ) के साथ मूल शेयर प्रमाण पत्र(त्रों) को सरेंडर करना होगा जो इसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेगा.

आरटीए डीआरएफ की जांच/सत्यापन करेगा और, यदि सही पाया जाता है तो शेयरधारक(कों) के डीमैट खाते में समतुल्य संख्या में शेयर क्रेडिट किए जाएंगे.

बी. पहले से डीमैट खाता रखने वाले शेयरधारकों के लिए:

ऐसे शेयरधारक (कों) जिनके पास पहले से ही डीमैट खाता है, उन्हें यह देखना होगा कि क्या मौजूदा डीमैट खाता उसी नाम (मों) एवं स्टाइल में है जिस पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा में शेयरधारिता है. यदि हां, तो शेयरधारकों को विधिवत रूप से भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित डीआरएफ मूल शेयर प्रमाणपत्र के साथ डीपी को प्रस्तुत करना होगा जो इसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेगा.

आरटीए डीआरएफ की जांच/सत्यापन करेगा और, यदि सही पाया जाता है, तो शेयरधारक (कों) के डीमैट खाते में समतुल्य संख्या में शेयर क्रेडिट किए जाएंगे.

यदि मौजूदा डीमैट खाता समान नाम पर नहीं है तो शेयरधारक(कों) को मार्गदर्शन के लिए अपने डीपी से संपर्क करना होगा.

अदावाकृत लाभांश/ शेयरों का आईईपीएफ में अंतरण

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखा परीक्षा, अंतरण एवं रिफंड) नियम, 2016 और उसके बाद के संशोधन (नियम) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10बी के अनुसार सभी अदावाकृत लाभांशों को बैंक द्वारा अदत्त लाभांश खाते में अंतरण की तारीख से सात वर्ष की समाप्ति के पश्चात् केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरित किया जाना आवश्यक है. इसके अलावा, वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन (ओएम) एफ संख्या 13/2/2015-बीओ II दिनांक 29 अक्टूबर, 2021 के साथ पठित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखा परीक्षा, अंतरण एवं रिफंड) नियम, 2016 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 124 (6) के अनुसार सभी शेयर जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात वर्षों या उससे अधिक

iii. Dematting provides the ease and convenience of paperless trading of shares. Once a demat account is opened with a Depository Participant (DP), shareholder can easily buy or sell shares in electronic form.

PROCESS FOR DEMATERIALIZATION OF SHARES IN PHYSICAL FORM:

A. For shareholder(s) who are not having a Demat account:

The shareholder(s) is/are required to approach nearby Bank of Baroda Branch or any other Depository Participant (DP) and open a Demat Account in the same name(s) and style in which the shareholder(s) hold shares in Bank of Baroda.

After opening of the Demat Account, shareholder(s) has to surrender the original share certificate(s) along with duly filled-in and signed Demat Request Form (DRF) to the DP, who will forward the same to Bank's RTA.

The RTA will scrutinize/ verify the DRF and, if found in order, equivalent number of shares will be credited to the Demat account of the shareholder(s)

B. For shareholders already having a Demat account:

The shareholder (s) who are already having the Demat Account are required to check whether the existing Demat Account is in the same name(s) and style as per the shareholding in Bank of Baroda. If yes, shareholder(s) has to submit duly filled in and signed DRF along with original share certificate(s) to the DP who will forward the same to Bank's RTA.

The RTA will scrutinize/ verify the DRF and, if found in order, equivalent number of shares will be credited to the Demat account of the shareholder(s).

If the existing Demat Account is not in the same order of name, the shareholder(s) is/are required to approach his/her DP for guidance.

TRANSFER OF UNCLAIMED DIVIDEND / SHARES TO IEPF

In terms of Section 10B of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 read with Section 124 of the Companies Act, 2013 read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 and subsequent amendment thereto ("the Rules"), all unclaimed dividends are required to be transferred by the Bank to Investor Education Protection Fund (IEPF) established by Central Government, after the expiry of seven years from the date of transfer to unpaid dividend account. Further, pursuant to Section 124(6) of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 read with Office Memorandum (OM) F. No. 13/2/2015-BO.II dated 29th October, 2021 issued by Department of Financial

के लिए अदत्त/ अदावाकृत रहा है और आईईपीएफ में अंतरित कर दिया गया है, उन्हें भी आईईपीएफ में अंतरित किया जाएगा.

इसके अनुपालन में बैंक को उन शेयरधारकों के अदावाकृत शेयरों को आईईपीएफ को अंतरित करना होगा जिन्होंने पिछले सात वर्षों या उससे अधिक समय से आईईपीएफ को लाभांश का दावा नहीं किया है. बैंक पहले ही वित्त वर्ष 2013-14 तक के अदावाकृत लाभांश को आईईपीएफ को अंतरित कर चुका है.

शेयरधारकों के अदावाकृत लाभांश का विवरण क्रमश बैंक और केफिन की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/unpaid-dividend and that of KFin at https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx पर प्रदर्शित किया गया है.

बैंक ने उन शेयरधारकों को भी व्यक्तिगत रूप से पत्र जारी किए हैं जिनके शेयर आईईपीएफ में अंतरण के लिए पात्र हैं. हम ऐसे शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने अदत्त लाभांश का दावा तत्काल/ उक्त पत्र की तारीख से तीन माह के अंदर अवश्य करें. यदि बैंक को कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो इन शेयरों को बिना किसी और सूचना के आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरित कर दिया जाएगा.

इसके अलावा, शेयरधारक को अपने दावे/ अदत्त लाभांश के अनुरोध को प्रोसेस करने के लिए उसमें उल्लिखित दस्तावेजों के साथ फॉर्म आईएसआर-1 और आईएसआर-2 भी प्रस्तुत करना होगा. फॉर्म आईएसआर-1 एवं आईएसआर-2 को क्रमश बैंक ऑफ़ बड़ौदा और केफिन की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/procedure-formats-for-physical-shareholders-of-bank and that of KFin at https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx से डाउनलोड किया जा सकता है.

कृपया नोट करें कि भविष्य में ऐसे शेयरों पर होने वाले सभी लाभ भी आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरित कर दिए जाएंगे.

कृपया नोट करें कि आईईपीएफ को अंतरित किए गए अदावाकृत लाभांश राशि एवं शेयरों के संबंध में बैंक के विरूद्ध कोई दावा नहीं किया जा सकता.

आईईपीएफ को अंतरित अदावाकृत लाभांश/शेयरों का दावा:

